Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to redress the issue of delayed payment of MGNREGA workers.

श्री देवजी पटेल (जालौर): महोदय, धन्यवाद।... (व्यवधान)

मैं आज इस कोविड महामारी में प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद करूँगा, जिन्होंने मनरेगा में काम कर रहे हमारे मजदूरों के लिए बजट बढ़ाने का कार्य किया है।... (व्यवधान) आज राजस्थान में एक समस्या खड़ी हो गई है।... (व्यवधान) मनरेगा के मजदूरों का जो एफटीओ चढ़ता है, उस एफटीओ को चढ़ाने के बाद में कई दिनों तक उनका पेमेंट नहीं किया जाता है।... (व्यवधान) पिछले कई महीनों से हमारे यहाँ के एसटी के जो बंधु हैं, उन्हें समय पर पेमेंट नहीं मिल रहा है। जब हम उनसे चर्चा करते हैं तो वे हमें इस बारे में बताते हैं।... (व्यवधान) वे बेचारे मजदूरी करते हैं, लेकिन उस मजदूरी का भुगतान उनको 2.5-2.5 महीने तक नहीं दिया जाता है।... (व्यवधान) दिशा की जो कमेटी है, उस कमेटी के तहत भी यह रिपोर्ट आई है कि करीब 11,540 लेबर्स का पेमेंट 30 से 60 दिन के बीच में किया हुआ है।... (व्यवधान) ऐसे अधिकारियों को सजा देने का प्रावधान भी है।... (व्यवधान) ऐसे अधिकारियों से जुर्माना लेने का भी प्रावधान है।... (व्यवधान) हमारे अनुसूचित जनजाति के लोगों को यह विषय पता नहीं होने के कारण कई महीनों तक उनके भुगतान का नुकसान और मजदूर की मजदूरी, जिससे वह अपना पेट पालता है, पेट पालने के लिए उसे समय पर पैसा नहीं देना उसके साथ अन्याय है।... (व्यवधान) मैं सरकार से निवेदन करूँगा कि वह इसमें हस्तक्षेप करे और उन मजदूरों को जल्द से जल्द पेमेंट मिले, ऐसी व्यवस्था करवायी जाए।... (व्यवधान) बहुत-बहुत धन्यवाद।... (व्यवधान)